आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 10.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- टोंक में बनास नदी में 11 युवक बहे–आठ की मौत–तीन को बचाया गयां
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति को आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण का प्रतीक बतायां
- विद्युत मंत्रालय ने वी.जी.एफ. योजना के तहत राजस्थान को चार हजार मेगावाट प्रति घंटा की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली आवंटित कीं
- पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को आर.पी.एस.सी. का अध्यक्ष नियुक्त किया गयां

000

टोंक में बनास नदी में डूबने से आज आठ युवकों की मौत हो गई हैं मरने वाले सभी लोग जयपुर के रहने वाले थें हादसा टोंक सदर थाना क्षेत्र में पुराने पुल के पास हुआं टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने आकाशवाणी को बताया कि घटना दोपहर में उस समय हुई जब 11 युवकों का समूह पिकनिक मनाने के लिए बनास नदी पर पहुंचा और नदी में नहाने उतरां इसके बाद नदी में बहने लगां इस दौरान उन्हें बचाने के लिए बाकी दोस्त भी पानी में उतरे और हादसे का शिकार हो गयें सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और इनमें से तीन युवकों को बचा लिया गयां

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया हैं वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी हादसे को बेहद दुखद बताया हैं उन्होंने ईश्वर से परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति देने की कामना की हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के रक्षा क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में हुई अभूतपूर्व प्रगति की सराहना की हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि इससे आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण को मजबूती मिली हैं

प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा हैं खेलों के बुनियादी ढांचे के विस्तार से ये संभव हुआ हैं केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का लेख साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में खेलों के बुनियादी ढांचे का लगातार विकास किया जा रहा हैं

लेख में श्री मांडविया ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में इसमें उल्लेखनीय बदलाव आया हैं पिछले एक दशक में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट तीन गुना अधिक हो गया हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में 11 वर्ष संकल्प से सिद्धी विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कियां प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई इस बैठक में उन्होंने कहा कि बीते 11 साल परिवर्तन, प्रगति और गौरव के रहे हैं इस दौरान देश के समावेशी विकास पर ज़ोर दिया गयां उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को मजबूत बनाने के लिए अहम काम हुए हैं

भाजपा केन्द्र सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचा रही हैं भाजपा मुख्यालय में संकल्प से सिद्धी अभियान के तहत मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई हैं

000

विद्युत मंत्रालय ने वी.जी.एफ. योजना के तहत राजस्थान को चार हजार मेगावाट प्रति घंटा की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का आवंटन किया हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का आभार जताया हैं मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केन्द्र के इस दूरदर्शी निर्णय से राज्य में ऊर्जा क्षेत्र को नई दिशा मिलेगीं साथ ही राज्य में ग्रीन एनर्जी के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगीं वी.जी.एफ. योजना से राज्य में निजी क्षेत्र को आधारभूत ढांचे में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के विकास को भी बढ़ावा दिया जाता हैं

000

राज्य के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया हैं राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इस निर्णय मुहर लगाईं इसके बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कियें श्री साहू की स्वैच्छिक सेवा निवृति अर्ज़ी मंजूर कर ली गई हैं इस बीच, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा को पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया हैं

000

राज्य में जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन का काम ऑनलाइन वेब पोर्टल पहचान के माध्यम से किया जा रहा हैं आम लोगों की सुविधा और सेवाओं की सहजता के लिए पोर्टल से जारी प्रमाण पत्र अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध रहेंगें एक रिपोर्ट –

000

प्रदेश में अधिकतर जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा जा रहा हैं इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा हैं भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह–तरह के उपाय कर रहे हैं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक सप्ताह तक भीषण लू के हालात बने रहने की संभावना हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि रातें भी बहुत गर्म रहने के आसार हैं

प्रचंड गर्मी को देखते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से एहतियात बरतने की अपील की जा रही हैं श्रीगंगानगर में स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ–साथ अब सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष टीमों के जरिए ओआरएस का वितरण किया जा रहा हैं

000

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्सव की धूम दुनियाभर में देखी जा रही हैं 21 जून को ये दिवस डेढ़ सौ से अधिक देशों में मनाया जाएगा और करोड़ों लोग इससे जुडेंगें प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी जा रही हैं सामूहिक योगाभ्यास और जागरुकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी हैं इसी कड़ी में आज बाड़मेर में रिज़र्व पुलिस लाईन में जवानों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम हुआं
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही हैं इसमें आज सुनिये जोधपुर से योग प्रशिक्षक कीर्ति चौरड़िया के विचारं इनका कहना है कि बचपन से ही योग की शुरूआत करनी चाहिएं

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि प्रत्येक वंचित व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिलना चाहिएं श्री बागड़े आज डीडवाना–कुचामन जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थें राज्यपाल ने पीएम आवास योजना, पीएम ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन के कामों की प्रगति की समीक्षा की और इस बारे में अधिकारियों को दिशा–निर्देश दियें बैठक से पहले राज्यपाल ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित पांच बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर वितरित कीं श्री बागडे ने परबतसर उपखंड की खोखर ग्राम पंचायत में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में शिरकत कर बालाजी मन्दिर में पौधारोपण कियां इसके बाद राज्यपाल ने अजमेर पहुंचकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक कीं

000